प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1— समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2— समस्त उप मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
3— समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0/परिषद–9/08 दिनांकः 01–04–2025

**विषयः शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुरूप माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी कियाकलापों को संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग संलग्न कर आपको इस आशय के साथ प्रेषित है कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक् संचालन कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुसार ही इसका पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण भी सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(डॉ0 महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(मा0)
उ0प्र0, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/परिषद–9/08(1–5) दिनांकः 01–04–0225

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3– महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4– अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/राजकीय/व्यावसायिक शिक्षा/पत्राचार) शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज/लखनऊ।
5– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/वाराणसी/गोरखपुर एवं प्रयागराज।

(डॉ0 महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(मा0)
उ0प्र0, लखनऊ।

## शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु तिथिवार एकेडमिक कैलेण्डर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सत्र आरम्भ करने की तिथि | 01 अप्रैल, 2025 |
| 2. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय (MCQs) प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | मई, 2025 द्वितीय सप्ताह |
| 3. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | जुलाई, 2025 अन्तिम सप्ताह |
| 4. | अर्द्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | सितम्बर, 2025 अन्तिम सप्ताह |
| 5. | अर्द्धवार्षिक लिखित परीक्षा का आयोजन (सितम्बर माह तक निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर) | अक्टूबर, 2025 के द्वितीय एवं तृतीय सप्ताह |
| 6. | अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | नवम्बर, 2025 प्रथम सप्ताह तक |
| 7. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय (MCQs) प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | नवम्बर, 2025 अन्तिम सप्ताह |
| 8. | मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट | दिसम्बर, 2025 अन्तिम सप्ताह |
| 9. | सभी कक्षाओं में पाठ्यक्रम पूर्ण करने की तिथि | जनवरी, 2026 प्रथम सप्ताह तक |
| 10. | कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन। | जनवरी, 2026 द्वितीय सप्ताह में |
| 11. | कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड की लिखित परीक्षाओं आयोजन | जनवरी, 2026 तृतीय सप्ताह में |
| 12. | कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन | जनवरी, 2026 तृतीय सप्ताह में |
| 13. | उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तथा कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना | फरवरी, 2026 द्वितीय सप्ताह तक |
| 14. | बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | 21 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक |
| 15. | बोर्ड परीक्षा का आयोजन | फरवरी, 2026 |

### सामान्य निर्देश :–

1. विद्यालय में शिक्षण के दौरान प्रथम वादन से पूर्व, आरम्भ के 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा हेतु निर्धारित होंगे जिसमें 'प्रार्थना होगी तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा 'आज का सुविचार' प्रस्तुत किया जायेगा। विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दिन किसी नैतिक/प्रासंगिक विषय जैसे–जीवन में मूल्यों का महत्व एवं मूल्यपरक शिक्षा, विभिन्न मानव मूल्य यथा–चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठा आदि, महापुरुषों का जीवन चरित्र, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वास्थ्य–स्वच्छता तथा यातायात व सड़क सुरक्षा आदि पर विचार प्रस्तुत किये जायेंगे।

2. 'नए सत्र में नया सवेरा' कार्यक्रम का आयोजन। इसके अन्तर्गत अप्रैल माह के प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शिक्षाधिकारी विद्यालयों की प्रातःकालीन सभाओं में विद्यार्थियों से जीवन मूल्यों, अनुशासन, कैरियर, नियमित दिनचर्या आदि प्रासंगिक विषयों पर प्रेरक संवाद करेंगे। कार्यक्रम में यथा सम्भव विद्यालयों के पुरा छात्रों एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाय।

3. प्रत्येक पक्ष में एक दिन विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति जागरूक करने के लिये स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, बैंक के अधिकारी, सेवायोजन अधिकारी, न्यायिक सेवा से जुड़े अधिकारी, उद्यमियों एवं अन्य प्रतिष्ठित महानुभावों को सम्बोधन हेतु आमंत्रित किया जाय। कक्षा 9 से 12 तक के प्रत्येक विद्यार्थी का कैरियर गाइडेन्स पोर्टल 'पंख' पर पंजीकरण कराया जाय।

4. 'हैण्ड्स ऑन एक्टीविटीज' एवं एक्सपीरिएन्शियल (Experiential) लर्निंग विधा को गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शामिल किया जाय।

5. शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा के समावेश हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

6. विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के समुचित उपयोग हेतु प्रत्येक सप्ताह में एक वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

7. NCERT पाठ्य पुस्तकें दीक्षा पोर्टल पर ई–बुक्स के रूप में, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाइट पर लिंक के रूप में उपलब्ध हैं जहां से पुस्तकों को विद्यार्थियों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण सामग्री दीक्षा पोर्टल एवं यूट्यूब पर लिंक के माध्यम से वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी सूचना नोटिस बोर्ड पर लगायी जाय।

8. माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाइट पर पाठ्यक्रम एवं मासिक शैक्षिक पंचांग उपलब्ध है। उक्त के अनुसार ही विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराया जाय।

9. सभी कक्षाओं के लिए निर्धारित मासिक पाठ्यक्रम उसी माह पूर्ण किया जाय।

10. छात्र–छात्राओं की विविध रूचियों व अन्तर्निहित क्षमताओं का प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय बन्द होने के बाद यथा सम्भव समर कैम्प/समर क्लासेस चलायी जाय जिसमें विद्यार्थियां को गीत, नृत्य, सिलाई, कढ़ाई, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण, स्थानीय/पारम्परिक खेल, हस्तशिल्प, सृजनात्मक लेखन, चित्रकला, रंगोली, खेल, नाटक आदि क्रियाकलाप विद्यालय के शिक्षकों या उपलब्ध स्थानीय प्रशिक्षक के माध्यम से सिखाया जाय।

11. समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (SUPW) के अन्तर्गत माह में एक दिन छात्र/छात्राओं से विद्यालय/कक्षा–कक्ष की साज–सज्जा, बागवानी, सामूहिक श्रमदान, साज–सज्जा की वस्तुओं का निर्माण, क्ले मॉडलिंग एवं हस्तकला से सम्बन्धित क्रिया–कलाप अवश्य कराये जाय।

12. वर्ष मे दो बार शिक्षक–अभिभावक समिति की बैठक वाले दिन छात्र/छात्राओं द्वारा SUPW/Waste to Best के अन्तर्गत तैयार किये गये सामानों की प्रदर्शनी भी लगायी जाय।

13. विद्यालयों में सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी उपलब्ध करायी जाय जिसमें शिक्षकों द्वारा किये जाने वाले शैक्षिक व अन्य कार्यों के साथ–साथ उनकी शिक्षण योजना का भी उल्लेख हो। प्रधानाचार्यों द्वारा शिक्षक डायरी का नियमित अवलोकन भी किया जाय तथा निरीक्षण अधिकारी भी इनका अवलोकन करें।

14. विद्यालयों की वेबसाइट पर विद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित भी किया जाय।

15. डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिये सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी से उनकी ई–मेल आई0डी0 बनवायी जाए तथा उसके प्रयोग हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया जाय। नियमित पठन–पाठन में ई–मेल आई0डी0 के व्यावहारिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाय।

16. वर्तमान सत्र में कक्षा–9 एवं 10 की परीक्षा विगत सत्र की भांति ही प्रश्नपत्र के वर्तमान प्रारूप के आधार पर होगी। जिसमें प्रथम भाग के प्रश्न बहुविकल्पीय और द्वितीय भाग के प्रश्न वर्णनात्मक होंगे। बहुविकल्पीय प्रश्न लिखित परीक्षा के पूर्णांक के 30 प्रतिशत अंकों के होंगे जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर देना होगा। वर्णनात्मक प्रश्न लिखित परीक्षा के पूर्णांक के 70 प्रतिशत अंकों के होंगे जिनका उत्तर पारम्परिक उत्तर पुस्तिका पर दिया जायेगा।

17. प्रत्येक विद्यालय में विभिन्न क्लबों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाय तथा क्लबों की गतिविधियों को वेबसाइट पर अपलोड किया जाय, पंजिकाओं में अभिलेखीकरण किया जाय तथा विद्यालय की पत्रिका में भी प्रमुखता से स्थान दिया जाय।

18. अर्द्धवार्षिक परीक्षा मासिक शैक्षिक पंचाग के अनुसार सितम्बर माह तक पढ़ाये गये पाठ्यक्रम से ली जायेगी।

19. शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति का सतत् मूल्यांकन करते हुए औसत से नीचे प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था सतत् रूप से करते रहें।

20. प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक–अभिभावक समिति की बैठक अर्धवार्षिक परीक्षा, प्री–बोर्ड/वार्षिक परीक्षा के बाद आयोजित की जाय जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति पर अभिभावकों से विचार–विमर्श किया जाय।

21. प्रत्येक माह के प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध पाठ्य–सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा –
    - माह के प्रथम शनिवार को सदनवार सांस्कृतिक गतिविधियों यथा नृत्य, गीत, वादन, नाटक, चित्रकला, रंगोली आदि का आयोजन किया जाये।
    - द्वितीय शनिवार को सदनवार खेलकूद आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायें।
    - तृतीय शनिवार को साहित्यिक गतिविधियों यथा निबन्ध लेखन, भाषण, वाद–विवाद एवं सुलेख आदि का सदनवार आयोजन किया जाये।
    - चतुर्थ शनिवार को किशोर संसद/सांस्कृतिक/साहित्यिक गतिविधियों पर आधारित सदनवार प्रतियोगिताएं करायी जायें।

22. सत्र के आरम्भ में प्रधानाचार्य शिक्षकों के साथ विचार–विमर्श करके कार्यकारी शनिवारों को आयोजित होने वाली गतिविधियों की समय–सारणी तैयार कर लें तथा इनसे शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी ससमय अवगत करा दिया जाये।

23. लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा इस सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने वाली लघु कथायें, प्रेरक प्रसंग, संक्षिप्त उद्बोधन, गीत आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाय। शनिवार को होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों तथा शिक्षक अभिभावक समिति की बैठक के दिन भी भाषण, लघु नाटिका, गीत आदि आयोजित किये जायें।

24. खेलकूद प्रतियोगिताएं सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर सदनवार आयोजित की जायें। तत्पश्चात् जनपद स्तर पर, मण्डल स्तर पर तथा राज्य स्तर पर प्रतियोगितायें आयोजित करायी जायें एवं प्रत्येक स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाय।

25. महापुरुषों की जयन्ती दिवस पर उनके जीवन एवं योगदान के विषय में चर्चा की जाय तथा निबन्ध, पोस्टर एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता कराकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए।

26. शनिवार को छोड़कर शेष शिक्षण दिवसों में अंतिम वादन खेल–कूद एवं शारीरिक व्यायाम/योग हेतु निर्धारित किया जाए।

27. बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालय में "शक्ति मंच" का गठन किया जाय। "शक्ति मंच" की नियमित बैठक आयोजित की जाय जिसमें निम्नलिखित मुद्दों पर सृजनात्मक लेखन, डिबेट, चित्रकला, नाटक, गीत, एवं कहानी आदि के माध्यम से चर्चा की जाय–

- अपने आस–पास की उन बालिकाओं की सूची तैयार करना जिनका नामांकन स्कूल में नही हुआ है और साथ ही उन कारणों की सूची बनाना जिनके कारण बालिकायें विद्यालय नही आती हैं। ऐसी बालिकाओं का नामांकन कराने के लिये विद्यालय की मदद प्राप्त करना।
- बालिकाओं को विद्यालय में आ रही बाधाओं की चर्चा तथा उसके निवारण की योजना बनाना।
- बाल एवं महिला अधिकारों पर चर्चा।
- बालिकाओं के शिक्षा के महत्त्व पर चर्चा।
- बालिकाओं के हितों के प्रतिकूल समाज में प्रचलित कुरीतियां तथा निदानात्मक रणनीतियाँ।
- किशोरावस्था सम्बन्धी शंकाए/जिज्ञासाएं तथा समाधान।
- आत्मरक्षा के उपायों पर चर्चा एवं अभ्यास।
- बाल अखबारों/कॉमिक्स का निर्माण।
- बच्चों को अपनी शिकायत लिखकर शिकायत पेटिका में डालने के लिए प्रेरित करना तथा माह के अन्तिम शनिवार को एस0एम0सी0 की एक महिला सदस्य के माध्यम से शिकायतों को पढ़कर उत्तर/समाधान कराना।
- बच्चों की सुरक्षा के लिये गठित हेल्पलाइन्स व इसके प्रयोग की जानकारी देना।
- बालकों में जेण्डर सेंसिटिविटी विकसित करने के सम्बन्ध में चर्चा–परिचर्चा।

28. विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार कराया जाय।

29. छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य की स्थिति से अभिभावकों को अवगत कराया जाय इसके साथ ही पाल्यों के स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, कुपोषण के दुष्प्रभावों व पौष्टिक आहार के प्रति भी उन्हें जागरूक किया जाय।

30. व्यावहारिक ज्ञान अर्जन में भ्रमण के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए छात्र–छात्राओं के लिये 'शैक्षिक भ्रमण' का आयोजन किया जाय। इसके अन्तर्गत उन्हें स्थानीय/जनपद स्तर के ऐतिहासिक/भौगोलिक/सांस्कृतिक/व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण पर ले जाया जाय।

31. विद्यार्थियों की प्रगति एवं प्रयासों के सम्बंध में फीडबैक हेतु छात्र–डायरी उपलब्ध करायी जाए।

32. 'उत्तर प्रदेश दिवस' 24 जनवरी के अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का जनपद, मण्डल तथा प्रदेश स्तर पर आयोजन किया जाय।

33. **ODOP (One District One Product- एक जनपद एक उत्पाद)** के उत्पादों का दैनिक जीवन में विद्यालयों द्वारा/छात्रों द्वारा यथासम्भव प्राथमिकता/वरीयता से उपयोग किया जाय तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले शिल्प मेलों व अन्य ODOP पर आधारित प्रदर्शनी का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया जाय।

34. **'इण्टरनेशनल इयर ऑफ ग्लेशियर्स' के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को भारत एवं विश्व के ग्लेशियर्स तथा ग्लोबल वार्मिंग के विषय में जागरूक करना।**

35. **'इण्टरनेशनल इयर ऑफ को-ऑपरेटिव' के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को सहकारी समितियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया जाय।**

नोट :- सभी विद्यालयों द्वारा वार्षिक शैक्षिक पंचाग में दिये गये समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।

# माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

## शैक्षिक सत्र– 2025–26 हेतु माहवार एकेडमिक कैलेण्डर

### माह– अप्रैल

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • ''स्कूल चलो अभियान'' – माध्यमिक शिक्षा<br>• प्रवेशोत्सव– कक्षा–9, 10, 12 (20 अप्रैल तक)<br>• कक्षा–9, 10, 12 के विद्यार्थियों का कैरियर गाइडेन्स पोर्टल 'पंख' पर पंजीकृत कराया जाये।<br>• शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाय।<br>• विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी हेतु सप्ताह में एक वादन निर्धारित किया जाय।<br>• पर्यावरण, विज्ञान, गणित, युवा क्लब एवं मिशन शक्ति मंच का गठन किया जाय।<br>• शिक्षण कार्य आरम्भ– 1 अप्रैल से<br>• ''नये सत्र में नया सवेरा'' का आयोजन |
| बैठकों का आयोजन | • अभिभावक–शिक्षक बैठक का आयोजन अप्रैल के द्वितीय/तृतीय सप्ताह में।<br>• अध्यापकों को एकेडमिक कैलेण्डर एवं शैक्षिक समय सारणी उपलब्ध कराई जाए। |
| परीक्षाएं | • सत्र–2025–26 में की जाने वाली (मूल्यांकन) आकलन योजनाओं से अध्यापकों, अभिभावकों एवं छात्रों को अवगत कराया जाये। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) की ऐतिहासिक एवं भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराया जाय। |
| खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाईड आदि | • विद्यालय स्तरीय, खेलकूद समिति का गठन किया जाए।<br>• सदनवार छात्रों का विभाजन करते हुए खेलकूद, स्काउटिंग, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर सदनवार टीमों का चयन करना। |

| | |
|---|---|
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 14 अप्रैल अम्बेडकर जयन्ती पर गतिविधियों का आयोजन<br>• विशेष संचारी रोग नियन्त्रण तथा दस्तक अभियान (30 दिवस)<br>• सेफ सिटी परियोजना– (गृहविभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं कल्याण विभाग से समन्वय)।<br>• सड़क सुरक्षा पखवाड़ा– 22 अप्रैल से 4 मई (परिवहन विभाग से समन्वय)।<br>• गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान (नमामि गंगे, जल आपूर्ति विभाग से समन्वय)। |

## माह– मई

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • प्रत्येक विद्यालय द्वारा वेबसाईट एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे– फेसबुक, एक्स (x) , यू–ट्यूब आदि को विकसित किया जाय।<br>• प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी की ईमेल आईडी बनवाई जाय।<br>• प्रयोगशाला सम्बन्धी उपकरणों का निरीक्षण किया जाय एवं आवश्यक उपकरणों तथा पदार्थों की पूर्ति कर ली जाय। |
| परीक्षाएं | • मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट<br>• छात्रों को ग्रीष्मावकाश हेतु प्रोजेक्ट/गृह कार्य देना |
| बैठकों का आयोजन | • शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। (ग्रीष्मावकाश से पहले) |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) की आर्थिक गतिविधियों से छात्रों को परिचित कराया जाय। |
| खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाईड आदि | • स्काउट गाइड के दलों का पंजीकरण/नवीनीकरण किया जाय। |
| समर कैम्प | • समर कैम्प का आयोजन (ग्रीष्मावकाश में) |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने तथा जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन।<br>• सड़क सुरक्षा पखवाड़ा– 22 अप्रैल से 4 मई (परिवहन विभाग से समन्वय)।<br>• हीटवेव पर आधारित पोस्टर एवं निबन्ध प्रतियोगिता (3 मई से 20 मई) |

## माह– जून

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • ग्रीष्मावकाश |
| समर कैम्प | • समर कैम्प का आयोजन (जहाँ पूर्व के माह में आयोजन न हुआ हो) |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 21 जून को 'विश्व योग दिवस' का आयोजन |

## माह– जुलाई

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• छात्रवृत्ति आवेदन के सम्बन्ध में छात्रों को जागरुक करना एवं आवेदन फार्म भरवाना। |
| परीक्षाएं | • शैक्षिक सत्र–2025–26 में कक्षा–9,10,11 एवं 12 में संस्थागत अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्ण<br>• कक्षा–9 एवं 11 में संस्थागत अभ्यर्थियों का अग्रिम पंजीकरण, बोर्ड दिशा निर्देशों के अनुसार। |
| बैठकों का आयोजन | • अभिभावक शिक्षक संघ की सामान्य सभा की बैठक एवं कार्यकारिणी का चुनाव। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों (अरूणांचल प्रदेश व मेघालय) के लोकनृत्य, गीत–संगीत एवं वाद्ययंत्रों से छात्रों को परिचित कराया जाय। |
| खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाईड आदि | • स्काउटिंग दल का पंजीकरण।<br>• विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • विशेष संचारी रोग नियन्त्रण तथा दस्तक अभियान (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय)।<br>• सड़क सुरक्षा अभियान (परिवहन विभाग से समन्वय)।<br>• वन महोत्सव (वन विभाग से समन्वय)।<br>• कैरियर काउन्सिलिंग (साइकोमेट्रिक टेस्ट) |

# माह– अगस्त

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• सदनवार सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं। |
| परीक्षाएं | • कक्षा–9 एवं 10 हेतु प्रथम आंतरिक मूल्यांकन।<br>• कक्षा–10 एवं 12 के बोर्ड परीक्षा आवेदन करवाना एवं समयान्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित करना। |
| विज्ञान, गणित एवं तकनीकी ज्ञान का प्रोत्साहन | • इन्स्पायर अवार्ड के अन्तर्गत प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थियों की तैयारी।<br>• विज्ञान क्लब की गतिविधियाँ।<br>• पर्यावरण क्लब की गतिविधियाँ। |
| बैठकों का आयोजन | • शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों (अरूणाचल प्रदेश व मेघालय) के खान–पान, वेष–भूषा एवं आभूषण से परिचित कराया जाय। |
| खेलकूद, एन.सी.सी, स्काउट गाईड आदि | • सदनवार खेलकूद, व्यायाम एवं योग सम्बन्धी प्रतियोगिताएं। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 15 अगस्त– स्वतंत्रता दिवस<br>• 21 अगस्त को 'विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस' सम्बन्धी कार्यक्रम।<br>• 10 अगस्त– राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस,<br>• 10 अगस्त– ToFEI(Tobacco Free Educational Institutions) गाइडलाइन से छात्रों को परिचित कराना।<br>• विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (14 अगस्त) सम्बन्धी कार्यक्रम<br>• शक्ति मंच सम्बन्धी कार्यक्रम। |

# माह– सितम्बर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• कक्षा–10 के इच्छुक छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के आवेदन पत्र भरवाना।<br>• शैक्षिक भ्रमण (माध्यमिक शिक्षा विभाग)<br>• SUPW सम्बन्धी गतिविधियाँ (माध्यमिक शिक्षा विभाग) |
| परीक्षाएं | • अर्द्धवार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।<br>• कक्षा–9 के अर्ह छात्र–छात्राओं की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन। |
| बैठकों का आयोजन | • शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| विज्ञान, गणित एवं **तकनीकी ज्ञान का प्रोत्साहन** | • इन्स्पायर अवार्ड के योजनान्तर्गत जनपद में चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी एवं प्रतिभाग कराना। |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • युग्मित राज्यों की भाषा सीखने हेतु **वैकल्पिक कक्षाओं** का संचालन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय **दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन** | • 05 सितम्बर को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर शिक्षकों का अभिनन्दन कार्यक्रम।<br>• डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयन्ती पर कार्यक्रम।<br>• 24 सितम्बर को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती पर कार्यक्रम।<br>• हिन्दी सप्ताह का आयोजन।<br>• विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) का आयोजन<br>• विशेष स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन।<br>• राष्ट्रीय पोषण माह– 7 सितम्बर से 28 सितम्बर ( बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से समन्वय)।<br>• माननीय प्रधानमंत्री की 'एंटी–ओबिसिटी' कार्यक्रम आधारित गतिविधियाँ।<br>• राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत TOBACCO FREE YOUTH COMPAIGN - ( स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय)।<br>• नशा विरोधी जागरूकता अभियान |

## माह– अक्टूबर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • समस्त कक्षाओं व विषयों के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को सतत शिक्षण के माध्यम से पूर्ण किया जाय।<br>• विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन हेतु विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से लेख, कविता एवं अन्य सामग्री का आमंत्रण। |
| परीक्षाएं | • सितम्बर माह तक पढ़ाये गए पाठ्यक्रम के आधार पर अर्द्धवार्षिक परीक्षा (लिखित परीक्षा) का आयोजन। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • छात्रों के बीच युग्मित राज्यों में खेले जाने वाले खेलों पर केन्द्रित खेल स्पर्धाओं का आयोजन। |
| विज्ञान, गणित एवं तकनीकी ज्ञान का प्रोत्साहन | • विज्ञान प्रदर्शनी की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय टीम का प्रतिभाग सुनिश्चित करना। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती।<br>• 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती का आयोजन (राष्ट्रीय एकता दिवस)<br>• सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर)<br>• विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस (21 अक्टूबर)<br>• विशेष संचारी रोग नियंत्रक दस्तक अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा। |

## माह– नवम्बर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल को परिषद् की वेबसाईट पर अपलोड करना।<br>• अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल के आधार पर 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चिन्हांकन एवं विषयवार उपचारात्मक शिक्षण।<br>• राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विशेष कक्षा शिक्षण की व्यवस्था।<br>• विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन। |
| परीक्षाएं | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट। |
| बैठकों का आयोजन | • परीक्षाफल को साझा करने हेतु शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों पर प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन। |
| खेलकूद, एन.सी.सी., स्काउट, गाईट आदि। | • शारीरिक व्यायाम एवं योग सम्बन्धी गतिविधियाँ। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 11 नवम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन।<br>• 14 नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन।<br>• 26 नवम्बर– संविधान दिवस का आयोजन।<br>• 11 से 21 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन(परिवहन विभाग से समन्वय)।<br>• शक्ति मंच सम्बन्धी गतिविधियाँ – बच्चों की सुरक्षा के लिए गठित हेल्पलाईन का प्रयोग।<br>• जेण्डर सेन्सिविटी पर चर्चा।<br>• Waste to Best SUPW के अन्तर्गत तैयार सामानों की प्रदर्शनी।<br>• 14 नवम्बर, ऊर्जा संरक्षण सम्बन्धी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन– (विद्युत विभाग से समन्वय)।<br>• 20 से 25 नवम्बर, जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन।<br>• 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर, विकसित भारत युवा संवाद पुनर्कल्पित युवा महोत्सव–2025, मॉय भारत पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण एवं प्रतिभाग। |

# माह– दिसम्बर

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य।<br>• द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन/मासिक टेस्ट में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त विद्यार्थियों का चिन्हांकन एवं उपचारात्मक शिक्षण।<br>• विद्यालय वार्षिकोत्सव का आयोजन। |
| परीक्षाएं | • कक्षा–9 एवं 10 हेतु द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट।<br>• कक्षा–8 के विद्यार्थियों से एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए आवेदन भरवाना। |
| विज्ञान, गणित एवं तकनीक **को प्रोत्साहन** | • विज्ञान कांग्रेस का आयोजन। |
| **एक भारत श्रेष्ठ भारत** | • कक्षा–11 एवं 12 के विद्यार्थियों को युग्मित राज्यों की कृषि फसलों की जानकारी, विद्यालय परिसर में इसका प्रयोग। |
| कैरियर काउन्सिलिंग | • कैरियर काउन्सिलिंग, कैरियर मेला |
| खेलकूद, एन.सी.सी., **स्काउट, गाईट आदि।** | • शारीरिक व्यायाम एवं योग सम्बन्धी गतिविधियाँ। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय **दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का** आयोजन | • सड़क सुरक्षा अभियान (सड़क एवं परिवहन विभाग से से समन्वय)।<br>• 01 दिसम्बर–विश्व एड्स दिवस<br>• 03 दिसम्बर –अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस<br>• 06 दिसम्बर–बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस<br>• 22 दिसम्बर – महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्म दिवस का आयोजन।<br>• 25 दिसम्बर– भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयन्ती सुशासन दिवस के रूप में आयोजित की जाय। |

## माह– जनवरी

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
|---|---|
| शैक्षणिक | • निर्धारित पाठ्यक्रम को पूर्ण कराना तथा तदुपरान्त अभ्यास कार्य प्रारम्भ कराया जाय।<br>• बोर्ड–परीक्षा की बेहतर तैयारी के उद्देश्य से विद्यार्थियों की समस्याओं और जिज्ञासाओं के समाधान हेतु विद्यालय के शिक्षकों द्वारा व्यवस्था किया जाना।<br>• प्री–बोर्ड एवं गृह परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।<br>• कक्षा–10 की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना। |
| बैठकों का आयोजन | • प्री– बोर्ड परीक्षा के उपरान्त शिक्षक–अभिभावक बैठक का आयोजन। |
| परीक्षाएं | • कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।<br>• कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड (लिखित) परीक्षा एवं कक्षा–09 एवं 11 की वार्षिक गृह परीक्षा का आयोजन।<br>• कक्षा–12 (बोर्ड) की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन। |
| एक भारत श्रेष्ठ भारत | • युग्मित राज्यों की वेशभूषा पर आधारित प्रदर्शन का आयोजन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन।<br>• 25 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन।<br>• 26 जनवरी को 'गणतन्त्र दिवस' का आयोजन।<br>• 30 जनवरी को 'शहीद दिवस' का आयोजन।<br>• सामूहिक परिचर्चा–किशोर संसद का आयोजन– (माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश)।<br>• राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम–(चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय)।<br>• राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह– (सड़क एवं परिवहन विभाग से समन्वय)। |

## माह– फरवरी

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
| --- | --- |
| शैक्षणिक | • पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं अभ्यास कार्य।<br>• कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।<br>• कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड परीक्षाओं के अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।<br>• कक्षा–10 के परिक्षार्थियों के आंतरिक अंक एवं नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा का अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।<br>• कक्षा–12 के परिक्षार्थियों के नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा का अंक परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।<br>• परिषदीय परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना। |
| परीक्षाएं | • कक्षा– 12 बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।<br>• शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी।<br>• बोर्ड परीक्षा–2026 का आयोजन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 10 फरवरी डी–वर्मिंग डे का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजन।<br>• 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कक्षा–9 एवं 11 के छात्रों के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन (बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत ऑफलाइन सम्भव न होने पर ऑनलाइन कराया जा सकता है)। |

## माह– मार्च

| क्षेत्र | गतिविधियाँ |
| --- | --- |
| शैक्षणिक | • पूर्व सत्र के कार्यो की विद्यालय स्तर पर समीक्षा तथा आगामी सत्र के प्रवेश एवं शैक्षणिक कार्यों की तैयारी।<br>• विद्यालय समय–सारणी एवं विभिन्न समितियों का गठन। |
| परीक्षाएं | • कक्षा–9 एवं 11 की गृह परीक्षा के परीक्षाफल की घोषणा।<br>• बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन। |
| राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन | • 8 मार्च– विश्व महिला दिवस<br>• 23 मार्च शहीद दिवस<br>• राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम–(चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से समन्वय)। |